हिंदी साहित्य जगत के उत्कृष्ट साहित्यकार एवं पद्मभूषण से सम्मानित अमृतलाल नागर जी की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन।
—— केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र

कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल नहीं चाहते महिलाओं, पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों का उत्थान।
—— ज्योतिरादित्य सिंधिया, केन्द्रीय मंत्री

संक्षिप्त खबरें

दिल्ली चिड़ियाघर की निदेशक बनीं डॉ. सोनाली घोष

नई दिल्ली। दिल्ली चिड़ियाघर की बागडोर अब डॉक्टर सोनाली घोष संभालेंगी। वह तत्कालीन निदेशक रमेश कुमार पांडेय की जगह लेंगी। यह जानकारी खुद रमेश कुमार ने दी। सोनाली घोष को मंगलवार को दिल्ली चिड़ियाघर घर का नया निदेशक बनाया गया है। वह असम-मेघालय कैडर के 2000 बैच की आइएफएस अधिकारी है। वह इस कार्यकाल से पहले केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण में डीआईजी के रूप में कार्यरत थीं। वह जल्द निदेशक का पदभार ग्रहण करेंगी। वहीं दूसरी ओर अब तत्कालीन निदेशक रमेश कुमार पांडेय को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में वन महानिरीक्षक (आईजी वन) का चार्ज दिया गया है। साथ ही उन्हें निदेशक परियोजना हाथी, क्षेत्रीय कार्यालय मुख्यालय और वन संरक्षण प्रभागों के भी कार्य सौंपे गए है।

विद्यार्थियों के लिए कई प्रतियोगिताएं आयोजित

नई दिल्ली । जीवन जाग्रति फाउंडेशन की ओर से यहां विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसमे देश के कोने कोने से विद्यार्थियों ने क्विज, कविता, संगीत और ड्राइंग प्रतियोगिताओं में भाग लिया। ड्राइंग प्रतियोगिता में आकाश कुशवाहा (दिल्ली), गुनगुन (दिल्ली) और शिवांगी प्रिया (गुवाहाटी) ने जीत हासिल की। स्पीच कंपटीशन में आकाश कुशवाहा (दिल्ली), नंदनी (दिल्ली) और गोपाल पांडे (उत्तर प्रदेश) विजयी घोषित हुए। इसी प्रकार कविता प्रतियोगिता में शशिकांत तिवारी (दिल्ली), अविका (उत्तर प्रदेश) और शोभा (उत्तर प्रदेश) ने जीत प्राप्त की। सिंगिंग प्रतियोगिता में मीरा, रिद्धि और शोभा विजयी घोषित हुए।

चांदनी चौक मार्केट का नजारा : एक तरफ सरकार कोरोना की संभावित तीसरी लहर से बचने के लिए लगातार लोगों को चेतावनी दे रही है वहीं दूसरी तरफ लोग न मॉस्क लगा रहे व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन भी नहीं कर रहे हैं। *फोटो : सुभाष पॉल*

पहली कट ऑफ एक अक्टूबर को जारी करने की तैयारी

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

नई दिल्ली।

यदि सब कुछ ठीक रहा तो दिल्ली विश्वविद्यालय के सत्र 2021-22 के अंडर ग्रेजुएट कोर्सेज (यूजी) में पहली कट ऑफ लिस्ट के आधार पर दाखिले 4 अक्टूबर से शुरू हो जाएंगे। जबकि इस बार कॉलेजों की पहली कट ऑफ लिस्ट 1 अक्टूबर को शाम पांच बजे जारी करने की योजना है। 1 अक्टूबर को शुक्रवार है। इस प्रकार छात्रों को पहली कट ऑफ लिस्ट के आधार पर दाखिले के लिए तीन दिन मिलेंगे। 4 अक्टूबर से कॉलेजों में दाखिले शुरू हो जाएंगे। जबकि दो दिन फीस जमा करने के लिए मिलेंगे।

डीन (दाखिला) प्रोफेसर पिंकी शर्मा ने कहा कि दो और तीन अक्टूबर को अवकाश होने के कारण दाखिले की प्रक्रिया चार अक्टूबर से शुरू हो जाएगी। विश्वविद्यालय ने इससे पहले आठ से 10 सितम्बर के बीच पहली कटऑफ जारी करने की योजना बनाई थी, लेकिन 26 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक डीयू के यूजी स्तर के प्रोफेशनल और पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सेज के लिए प्रवेश परीक्षाएं आयोजित होनी है। ऐसे में डीयू अपनी दाखिला प्रक्रिया इन प्रवेश परीक्षाओं के बाद ही शुरू होगी। ये प्रवेश परीक्षाएं नेशनल टेस्ट एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित किए जानी है। अभी इन कोर्सेज के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया चल रही है। इन कोर्सेज में आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त रखी गई है।

डीयू हर साल की तरह इस साल भी शुरुआत में पांच कट ऑफ लिस्ट जारी की जाएगी। हर कट ऑफ लिस्ट के साथ तीन दिन सर्टिफिकेट्स के आधार पर दाखिला लेने के लिए मिलेगा। जबकि अगले दो दिन अतिरिक्त तौर पर केवल फीस जमा करने के लिए मिलेगा। डीयू में मेरिट आधार पर दाखिले के लिए अभी ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया चल रही है। ये आवेदन प्रक्रिया 31 अगस्त तक चलनी है। इसके बाद सितंबर के महीने में डीयू का एंट्रेंस टेस्ट में बैठने वाले छात्रों को तैयारी करनी है और 26 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक होने वाली परीक्षाओं में बैठना है। ऐसे में डीयू ने सितम्बर महीने से मेरिट बेस्ड कोर्सेज की दाखिला प्रक्रिया शुरू करने का इरादा बदल दिया है। लिहाज़ा अब अक्टूबर में ही कॉलेजों की कटऑफ लिस्ट जारी होगी और दाखिले होंगे। उल्लेखनीय है कि बीते साल की तरह इस साल भी छात्रों को घर बैठे ऑनलाइन दाखिले लेने होंगे। छात्रों को दाखिले के लिए कॉलेज जाने की जरूरत नहीं होगी। डीयू में इस बार करीब 70 हजार सीटों पर दाखिले होने है।

डीयू में यूजी कोर्सेज के दाखिले 4 अक्टूबर से शुरू करने की योजना

एंट्रेंस टेस्ट के चलते सितम्बर से शुरू नहीं होंगे दाखिले

हर कट ऑफ लिस्ट के साथ दाखिले और फीस जमा करने को मिलेंगे 5 दिन

राजनगर फ्लाईओवर पर मरम्मत कार्य के चलते वैकल्पिक मार्ग से जाएं यात्री

नई दिल्ली (भाषा)। दिल्ली पुलिस ने रिंग रोड पर राजनगर फ्लाईओवर पर चल रहे मरम्मत कार्य के कारण यातायात डाइवर्जन को लेकर मंगलवार को एक परामर्श जारी किया और यात्रियों से वैकल्पिक रास्ते से जाने को कहा।

जारी परामर्श के अनुसार, फ्लाईओवर (धौला कुआं से एम्स तक) के विस्तारित ज्वाइंट पर चल रहा मरम्मत कार्य मंगलवार को शुरू हुआ और अगले 20 दिन तक चलेगा। पुलिस ने कहा, 'फ्लाईओवर के केवल आधे मार्ग पर यातायात चलेगा और बाकी आधे मार्ग पर काम होगा। फ्लाईओवर के नीचे सामान्य तौर पर यातायात चलेगा। परामर्श में कहा गया कि मरम्मत कार्य के दौरान यातायात प्रभावित होगा और रिंग रोड के इस क्षेत्र में अधिक रहेगा। यात्रियों को वैकल्पिक रास्ते से जाने की सलाह दी जाती है।

मेट्रो व डीटीसी में 100 फ़ीसद बैठने की अनुमति देने के खिलाफ दायर याचिका खारिज

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

नई दिल्ली।

मेट्रो एवं डीटीसी बसों में सौ फीसद यात्रियों को बैठने देने की अनुमति देने के खिलाफ याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। याचिका में दिल्ली सरकार के उस फैसले को चुनौती दी थी। जिसके तहत मेट्रो एवं बसों में सौ फ़ीसद यात्रियों को बैठने देने की अनुमति दी गई थी।

न्यायमूर्ति विपिन सांघी और जसमीत सिंह की पीठ ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक परिवहन के नियमन के मामलों पर सक्षम अधिकारी निर्णय लेने के जिम्मेवार हैं। यदि याचिकाकर्ता को दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के फैसले से कोई समस्या है और उसे पूरी क्षमता के साथ बैठने देने के निर्णय से परेशानी है तो उसे मेट्रो से यात्रा नहीं करनी चाहिए। पीठ ने याचिकाकर्ता से यह भी कहा कि उन्हें अदालत के समक्ष ऐसे 'बेकार कारण' लेकर नहीं आना चाहिए। हम यहां नीतियां बनाने के लिए हुक्म देने के लिए नहीं है।

कोर्ट ने कहा कि अब वे स्कूलों को खोलने की अनुमति दे रहे है। सिनेमाघर खुल गए है। मुद्दा यह है कि जब आप यात्रा करते है, तो आपको हर समय अपना मास्क लगा कर रखना होगा। उसने रेस्तरां में केवल 50 प्रतिशत बैठने की क्षमता की अनुमति देने वाले आदेश की तुलना मेट्रो में 100 प्रतिशत बैठने की अनुमति देने वाले तर्क को खारिज करते हुए कहा क्या किसी रेस्तरां का पर्यावरण और उपयोगिता मेट्रो के समान है? यह नियम रेस्तरां में काम नहीं करता है क्योंकि वहां आप खाते है और पीते है। आप पर मास्क नहीं हो सकता है।

सार्वजनिक परिवहन के नियमन के मामलों पर सक्षम अधिकारी निर्णय लेने के जिम्मेवार : अदालत

जेएनयू में बनेगा स्कूल ऑफ मेडिकल साइंस व अस्पताल

नई दिल्ली (एसएनबी)। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में आने वाले दिनों में स्कूल ऑफ मेडिकल साइंसेज और अस्पताल की स्थापना की जाएगी। इस स्कूल में एमबीबीएस और पीएचडी आदि कोर्सेज चलाए जाएंगे। जेएनयू के विद्वत परिषद की हुई बैठक में ऐसे कई प्रस्ताव पर मुहर लगाई गई। जेएनयू ने नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 को ध्यान में रखते हुए ये फैसले किए।

बैठक में ये भी फैसला लिया गया कि एनसीसी को इलेक्टिव क्रेडिट कोर्स के तौर पर चलाया जाएगा। इसमें थ्योरी, प्रेक्टिकल और कैंप ट्रेनिंग शामिल रहेगा। ये कोर्स 24 क्रेडिट का होगा। अभी तक एनसीसी को एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटी के तौर पर चलाया जाता है। इसके अलावा पांच साल के ड्यूल डिग्री बीटेक कोर्स में चौथे साल में एग्जिट का विकल्प दिए जाने का भी प्रस्ताव पारित किया गया। इसी के साथ ही विभिन्न स्कूलों में विभिन्न कोर्सेज के अलावा कन्नड़ और उड़िया कोर्सेज भी शुरू करने की सिफारिश पर भी मुहर लगाई गई।

जेएनयू की विद्वत परिषद की 158वीं बैठक में हुई स्वीकृति

आईपी विवि ने आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई

नई दिल्ली (एसएनबी)। आईपी यूनिवर्सिटी ने कुछ मेरिट आधारित कोर्सेज में आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। एमबीए वीकेंड कोर्सेज में आवेदन की अंतिम तिथि अब 20 अगस्त हो गयी है। पीजी डिप्लोमा इन हेल्थ केयर मैनेजमेंट, पीजी डिप्लोमा इन इंटेरप्रेनेरशिप एंड स्टार्टअप, पीजी डिप्लोमा इन इक्विटी रिसर्च और पीजी डिप्लोमा इन डाटा एनालिटिक्स में आवेदन की अंतिम तिथि अब 30 अगस्त हो गई है। अन्य विवरण यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

जुबिलेंट फूडवर्क्स लिमिटेड

सीआईएनः L74899UP1995PLC043677

पंजीकृत कार्यालय : प्लॉट1ए, सेक्टर 16 ए, नोएडा– 201 301 उत्तर प्रदेश
कॉर्पोरेट कार्यालयः 5 वीं मंजिल, टॉवर डी, लॉजिक्स टेक्नो पार्क, सेक्टर 127, नोएडा – 201 304, उत्तर प्रदेश
फोनः +91-120-4090500, फैक्सः +91-120-4090599
वेबसाइटः www.jubilantfoodworks.com , ईमेलः investor@jublfood.com

26वीं वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना

कम्पनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') के लागू प्रावधानो एवं तदधीन विरचित नियमो तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ('सेबी') (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अवश्यकताएं) विनियमावली, 2015 के साथ पठित कॉर्पोरेट मंत्रालय और सेबी द्वारा जारी विभिन्न सर्कुलर्स के अनुपालन में, एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि **जुबिलैंट फूडवर्क्स लिमिटेड ('कम्पनी') के सदस्यों की छब्बीसवीं (26वीं) वार्षिक सामान्य बैठक ('एजीएम'), शुक्रवार, 17 सितम्बर, 2021 को पूर्वा. 11.00 बजे (आईएसटी)** वीडियो कॉन्फ्रेन्सिग/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ('वीसी/ओएवीएम') के माध्यम से, एजीएम में सदस्यो की भौतिक उपस्थिति के बिना, एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध वयवसाय के निष्पादन हेतु आयोजित की जाएगी।

उपरोक्त सर्कुलर्स के अनुपालन में एजीएम की सूचना, वित्तीय वर्ष 2020–21 हेतु वार्षिक रिपोर्ट ('वार्षिक रिपोर्ट') के साथ यथासमय उन सदस्यों को केवल इलेक्ट्रॉनिक विधि से भेजी जाएगी, जिनकी ई–मेंल आईडीज कम्पनी/रजिस्ट्रार ऐड ट्रांसफर एजेन्ट ('आरटीए')/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट ('डीपी') के पास पंजीबद्ध है। उपरोक्त दसतावेज कम्पनी की वेबसाइट www.jubilantfoodworks.com पर तथा स्टॉक एक्सचेंजेज नामतः बीएसई लिमिटेड www.bseindia.com पर और नेशलन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com पर तथा नैशलन सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ('एनएसडीएल') की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध कराई जाएगी।

सदस्यों को इस सूचना में सूचीबद्ध सभी प्रस्तावों पर इलेक्ट्रॉनिक साधनो द्वारा वोट डालने के अपने अधिकार का प्रयोग करने के लिए रिमोट ई–वोटिंग सूविधा ('एजीएम से पहल') तथा ई–वोटिंग की सुविधा ('एजीएम में') प्रदान कर रही है। वोट डालने की सुविधा एनएसडीएल द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। एजीएम में ई–वोटिंग की सुविधा एजीएम में उपस्थित उन सदस्यों को उपलब्ध कराई जाएगी, जो वीसी/ ओएवीएम सुविधा, के माध्यम से एजीएम में उपस्थित है और जिनके द्वारा प्रस्तावों पर अपना वोट रिमोट ई–वोटिंग द्वारा नहीं डाला गया है। जो सदस्य एजीएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल चुके है, वे भी एजीएम में उपस्थित हो सकते हैं/भाग ले सकते हैं, परंतु उनको दोबारा वोट डालने का अधिकार नहीं होगा। रिमोट ई–वोटिंग एजीएम में ई–वोटिंग की विस्तृत प्रतिक्रिया और विधि तथा सी/ ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में भाग लेने हेतु अनुदेश एजीएम की सूचना में उपलब्ध कराए गए हैं।

सदस्यगण, जिनकी ई–मेल आईडीज कम्पनी/आरटीए/डीपी के पास पहले से पंजीबद्ध हैं, वे रिमोट ई–वोटिंग तथा एजीएम में ई–वोटिंग के लिए एजीएम सूचना में उपलब्ध कराए गए अनुदेशों का पालन कर सकते है। सदस्यगण, जिनकी ई–मेल आईडी'ज पंजीबद्ध नहीं करावाई हैं, उनसे कम्पनी से वार्षिक रिपोर्ट, सूचनाए इत्यादि सहित सभी संचार इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त करने के लिए अपनी ई–मेंल आईडी'ज पंजीकृत अथवा अद्यतन कराने हेतु निम्न प्रक्रिया का पालन करने का अनुरोध है। ई–मेल आईडी का सफल पंजीकरण होन पर, ई–वोटिंग के लिए लॉगइन आईडी तथा पावर्ड सदस्य की पंजीकृत ई–मेंल आईडी पर भेजा जाएगा।

(i) जिन सदस्यों ने कम्पनी के इक्विटी शेयर डीमैट रूप में धारण किए हुए है, वे लिंक https://linkintime.co.in/EmailReg/Email_register.html पर क्लिक करके तथा उसमें दी गई पंजीकरण प्रक्रिया का पालन करके कम्पनी के आरटीए, लिंक इनटाइम इंडिया प्रा. लि. के पास अपनी ई–मेंल आईडी अस्थायी रूप से पंजीकृत करवा सकते हैं। तथापि ई–मेल आईडी के स्थायी पंजीकरण के लिए सदस्यों से अपने संबंधित डीपी से सम्पर्क करने और डीपी द्वारा सुझाई गई प्रक्रिया का पालन करने का अनुरोध किया जाता है।

(ii) जिन सदस्यो ने कम्पनी के इक्विटी शेयर भौतिक रूप में धारण किए हुए हैं, वे लिंक https://linkintime.coin/EmailReg/Email_Register.html पर क्लिक करके तथा उसमें दी गई पंजीकरण प्रक्रिया का पालन करके कम्पनी के आरटीए, लिंक इनटाइम इंडिया प्रा.लि. के पास अपना विवरण पंजीकृत करवा सकते है।

(iii) विकल्पत, शेयरधारक/सदस्य ई–वोटिंग के लिए यूजर आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त करवाने के लिए एजीएम में वर्णित दस्तावेज उपलब्ध करवाते हुए evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेज सकते हैं।

कम्पनी के निदेशक मंडल ने दिनांक 15 जून, 2021 को आयोजित उनकी बैठक मे 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए भारतीय रूए 6.00/– प्रति इक्विटी शेयर के लाभांश का भुगतान संस्तुत किया है, जो एजीएम में सदस्यों के अनुमोदन की शर्त के तहत है। लाभांश, यदि सदस्यों द्वारा अनुमोदित किया गया, का भुगतान, लाभांश प्राप्त करने हेतु सदस्यो की पात्रता निर्धारण के लिए रिकार्ड तिथि आर्थात 09 अगस्त, 2021 को कम्पनी के इक्विटी शेयर इलेक्ट्रॉनिक या भोतिक रूप में धारक सदस्यों को किया जाएगा। आयकर अधिनियम, 1961 ('आईटी ऐक्ट') के प्रावधानो के निबन्धनों में, दिनांक 01 अप्रैल, 2020 की प्रभावी तिथि से, सदस्यों के हाथों में लाभांश आय कर योग्य होगी तथा कम्पनी द्वारा भुगतान किए गए लाभांश से निर्धारित दर पर स्रोत पर कर कटौती अपेक्षित है। स्रोत पर कर कटौती सदस्यों की आवासीय स्थिति तथा श्रेणीकरण, प्रस्तुत और कम्पनी द्वारा स्वीकार किए गए दस्तावेजों पर निर्भर होगी। अतैव सदस्यों से आवश्यक कर संबंधी दस्तावेज/घोषणाए लिंक https://web.linkintime.co.in/form.sreg/submission-of-form-15g_15h.html पर 31 अगस्त, 2021 को अथवा पूर्व अपलोड कनरी होगी, ताकि कम्पनी उपयुक्त लागू कर दर निर्धारित कर सके।

जिन सदस्यों ने कम्पनी के इक्विटी शेयर डीमैंट रूप में धारध किए हुए है तथा अपना बैंक विवरण पंजीकृत नहीं करवाया है उनसे अनुरोध हे कि वे अपना बैंक विवरण पंजीकृत करवाने हेतु अपने संबंधित डीपी से सम्पर्क करें। जिन सदस्यों ने कम्पनी के इक्विटी शेयर भौतिक रूप में धारण किए हुए है तथा अपना बैंक विवरण पंजीकृत नहीं करवाया है, उनसे अनुरोध है कि वे अपना बैंक विवरण कम्पनी के आरटीए, लिंक इनटाइम इंडिया प्रा. लि. के पास पंजीकृत करवाने हेतु लिंक : https://linkintime.co.in/ EmailReg Email_ Register.html पर क्लिक करें तथा उसमें दी गई पंजीकरण प्रक्रिया का पालन करें।

कृते जुबिलेंट फूड वर्क्स लिमिटेड
हस्ता./–
मोना अग्रवाल
कम्पनी सचिव

तिथि : 17 अगस्त, 2021
स्थान : नोएडा (उत्तर प्रदेश)

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना सं0 2021-01

पब्लिक सेक्टर बैंक/भारतीय कामर्शियल शिड्यूल बैंक से ए0टी0एम0 की स्थापना किये जाने हेतु निम्नलिखित ई-निविदायें भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा आमंत्रित की जाती है।

कार्य का विवरण
COM-ATM-IZN-21-01 इज्जतनगर रेलवे स्टेशन पर ए0टी0एम0 की स्थापना
COM-ATM-BC-21-02 बरेली सिटी रेलवे स्टेशन पर ए0टी0एम0 की स्थापना
COM-ATM-KGM-21-03 काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर ए0टी0एम0 की स्थापना
COM-ATM-HDW-21-04 हल्द्वानी रेलवे स्टेशन पर ए0टी0एम0 की स्थापना
COM-ATM-LKU-21-05 लालकुँआ रेलवे स्टेशन पर ए0टी0एम0 की स्थापना
COM-ATM-RUPC-21-06 रूद्रपुर रेलवे स्टेशन पर ए0टी0एम0 की स्थापना
COM-ATM-KPV-21-07 काशीपुर रेलवे स्टेशन पर ए0टी0एम0 की स्थापना
COM-ATM-RMR-21-08 रामनगर रेलवे स्टेशन पर ए0टी0एम0 की स्थापना
COM-ATM-PBE-21-09 पीलीभीत रेलवे स्टेशन पर ए0टी0एम0 की स्थापना
COM-ATM-TPU-21-10 टनकपुर रेलवे स्टेशन पर ए0टी0एम0 की स्थापना
COM-ATM-BEM-21-11 बदायूं रेलवे स्टेशन पर ए0टी0एम0 की स्थापना
COM-ATM-KSJ-21-12 कासगंज रेलवे स्टेशन पर ए0टी0एम0 की स्थापना
COM-ATM-HTC-21-13 हाथरस सिटी रेलवे स्टेशन पर ए0टी0एम0 की स्थापना
COM-ATM-MRT-21-14 मथुरा कैन्ट रेलवे स्टेशन पर ए0टी0एम0 की स्थापना
COM-ATM-FBD-21-15 फर्रूखाबाद रेलवे स्टेशन पर ए0टी0एम0 की स्थापना
COM-ATM-FGR-21-16 फतेहगढ़ रेलवे स्टेशन पर ए0टी0एम0 की स्थापना
COM-ATM-KJN-21-17 कन्नौज रेलवे स्टेशन पर ए0टी0एम0 की स्थापना
COM-ATM-RPO-21-18 रावतपुर रेलवे स्टेशन पर ए0टी0एम0 की स्थापना

उपरोक्त निविदाओं की बयाना राशिः ₹ 2,000.00, **निविदा प्रपत्र का जी0एस0टी सहित मूल्य :** ₹ 1,180.00, **ई-निविदायें जमा करने की आखिरी तिथि एवं समयः** दिनांक **20.09.2021** को **12.00 बजे, कार्य समापन अवधिः** 05 वर्ष, **निविदा की वैधताः** 45 दिन। इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है, और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है। विस्तृत जानकारी के लिए इसे देखें। निविदादाता के पास क्लास-।।। डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदादाता ई-टेण्डरिंग में भाग ले सकते हैं। निविदा में निहित सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेते समय में अपलोड किये जाने चाहिए।

मुजाधि/वा0-40 — सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, इज्जतनगर

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।

''ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें''

वीरता पुरस्कार 2022 के लिए उपयुक्त पात्रों के चयन की प्रक्रिया शुरू

नई दिल्ली (एसएनबी)। दिल्ली सरकार ने वीरता पुरस्कार 2022 के लिए उपयुक्त लोगों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। गणतंत्र दिवस 2022 के अवसर पर इन लोगों को पुरस्कृत किया जाएगा। सरकार ने ऐसे लोगों की पहचान करने और उन्हें सम्मानित करने के लिए दिल्ली वीरता पुरस्कारों का गठन किया है, जिन्होंने खतरनाक परिस्थितियों का सामना होने पर अनुकरणीय साहस, तात्कालिक सूझबूझ और बहादुरी का परिचय दिया हो, जिन्होंने दूसरों के जीवन की रक्षा के लिए अदम्य साहस का परिचय व निःस्वार्थ सेवा का कार्य किया हो। जीवन के हर क्षेत्र से संबंधित व्यक्ति इन पुरस्कारों के पात्र हैं। गणतंत्र दिवस 2022 के राजकीय समारोह में बहादुरी के कार्य को पहचान व सम्मान दिया जाएगा। इस पुरस्कार के लिए बहादुरी का कार्य करने की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर हुए मामलों पर पुरस्कार समिति द्वारा विचार किया जाएगा। पुरस्कार के लिए एक सितम्बर 2019 से 31 अगस्त 2021 के बीच के बहादुरी संबंधी कार्यों के संबंध में आवेदन मांगा है। दिल्ली सरकार के गृह विभाग के वेबसाइट पर इस संबंध में प्रोफोर्मा प्राप्त किया जा सकता है।

दिल्ली सरकार अगले साल गणतंत्र दिवस पर चयनित लोगों को करेगी पुरस्कृत

बच्ची से दुष्कर्म व हत्या मामले में स्थिति रिपोर्ट पेश करे पुलिस : हाईकोर्ट

नई दिल्ली (एसएनबी)। दिल्ली कैंट इलाके में नौ वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म एवं उसकी हत्या के मामले में हाईकोर्ट ने पुलिस की अपराध शाखा को स्थिति रिपोर्ट पेश करने को कहा है। न्यायमूर्ति योगेश खन्ना ने यह निर्देश पीड़ित परिवार की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया औक सुनवाई 8 नवंबर तक स्थगित कर दी। पीड़ित परिवार ने इस पूरे मामले की जांच एसआईटी से करवाने की मांग करते हुए अपनी अपने जान को खतरा बताकर अदालत से सुरक्षा की गुहार लगाई है।

पुलिस के वकील संजय लॉ ने कोर्ट को बताया कि मामले की जांच अपराध शाखा को सौप दी गई है। साथ ही जांच के लिए विशेष टीम गठित की गई है। इसकी निगरानी वरिष्ठ अधिकारी कर रहे हैं। पीड़ित परिवार को 24 घंटे सुरक्षा प्रदान की गई है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता जितेन्द्र झा ने अदालत से पीड़ित परिवार को सुरक्षा प्रदान करने का आग्रह किया था।

याचिका में कहा गया है कि बच्ची के शव को आरोपियों ने अपने पाप के सबूतों को नष्ट करने के उद्देश्य से श्मशान की जलती आग में फेंक दिया था। उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसे आरोपियों ने मार डाला। जब मृत बेटी ती मां अपनी बेटी की तलाश में श्मशान पहुंची तो उसे आरोपियों ने बताया कि करंट लगने से उसकी बेटी की मौत हुई है। याचिकाकर्ता ने कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के लिए एसआईटी का गठन किया जाए और पूरे जांच पर अदालत निगरानी रखे।

पीड़ित परिवार ने अदालत से लगाई सुरक्षा की गुहार

स्वास्थ्य व्यापार लाइसेंस के नवीनीकरण संबंधित प्रस्ताव पारित

नई दिल्ली (एसएनबी)। दक्षिणी निगम की स्थाई समिति की मंगलवार को आयोजित बैठक में कोरोना की मार झेल रहे व्यापारी वर्ग को बड़ी राहत देने संबंधी प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया जिसके तहत जो व्यापारी लॉकडाउन के कारण 30 अप्रैल तक स्वास्थ्य व्यापार लाइसेंस का नवीनीकरण कराने में असमर्थ रहे हैं उनके लिए ब्याज एवं जुर्माने में छूट की समयावधि 31 अगस्त तक बढ़ाई गई है। स्थाई समिति के अध्यक्ष कर्नल बीके ओबेरॉय ने इस प्रस्ताव के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि जनता विशेषकर व्यापारीगण कोरोना महामारी की वजह से बुरी तरह त्रस्त हैं। लॉकडाउन से उनके समक्ष आजीविका का संकट आ गया है।

आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड

Aavas FINANCIERS LTD — SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

(पूर्व में ''ए.यू. हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात) (CIN: L65922RJ2011PLC034297)
रजि. & कॉर्पोरेट ऑफिसः 201-202, दूसरी मंजिल, साउथ एण्ड स्क्वायर, मानसरोवर इण्डस्ट्रियल एरिया, जयपुर-302020

निविदा सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के शर्तें व नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल सम्पत्ति की नीलामी विक्रय सूचना

आमजन तथा एवं व्यक्ति विशेष देनदारों तथा जमानती को सूचित किया जाता है कि निम्न उल्लेखित प्रत्याभूत ऋणदाता की गिरवी/प्रभारित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड (पूर्व में एयू फाईनेंसियर्स (इण्डिया) लिमिटेड के नाम से ज्ञात) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया था, प्रत्याभूत ऋणदाता ''जैसे है जहाँ है'' जो भी और जैसा भी है के आधार पर विक्रय करने जा रहे है। प्रकरणों का विशेष विवरण इस प्रकार है-

ऋणी/सह–ऋणी/जमानती/बंधककर्ता का नाम	बकाया राशि दिनांक	13(2) डिमांड नोटिस की राशि व दिनांक	कब्जे की दिनांक	संपत्ति का विवरण (प्रतिभूति आस्ति)	संपत्ति का आरक्षित मूल्य	संपत्ति की धरोहर राशि	निविदा खोले जाने की तिथि व समय	निविदा खोलने, जमा कराने व नीलामी का स्थान आवास फाईनेन्सियर्स लि.
अनूप आचार्य चौधरी, गीता आचार्य चौधरी जमानतदार : मैसर्स नीमी हॉम्स प्रा. लि. खाता सं. : LNDEL01416-170030325	₹ 3352878.41/- बकाया दिनांक 17 अगस्त 21 तक	10 जुलाई 18 ₹ 1759856.41/- बकाया दिनांक 01 जुलाई 2018 तक	25 फरवरी 19	फ्लेट नं. एस-101, प्रथम तल, टॉवर ए-1, खसरा नं. 128 व 115, गांव नांगला चारणदास, परगाना व तह. दादरी, जिला गौत्तम बुद्ध नगर, उ.प्र. क्षेत्रफल 81.784 वर्ग मीटर	₹ 1760000/-	₹ 176000/-	प्रातः11 बजे से दोपहर 1 बजे तक दिनांक 20 सितम्बर 2021	प्लॉट नं. 17, बुक-''बी'', सेक्टर-1, फेज-1, नोयडा, जिला गौत्तम बुद्ध नगर, उ.प्र.
कवीता फरतियाल, पियूष यादव खाता सं. : LNGGN01415-160027034	₹ 1615939.41/- बकाया दिनांक 17 अगस्त 21 तक	02 फरवरी 19 ₹ 943811.41/- बकाया दिनांक 02 फरवरी 2019 तक	24 अक्टूबर 19	खसरा नं. 233, फ्लेट नं. यूजी 04, (अपर ग्राउण्ड फ्लोर) गांव - सर्फाबाद, तह. दादरी, जिला गौत्तम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश क्षेत्रफल 326 वर्ग फीट	₹ 886720/-	₹ 88672/-	प्रातः11 बजे से दोपहर 1 बजे तक दिनांक 20 सितम्बर 2021	प्लॉट नं. 17, बुक-''बी'', सेक्टर-1, फेज-1, नोयडा, जिला गौत्तम बुद्ध नगर, उ.प्र.
विक्रम सिंह चौहान, शीखा मिश्रा खाता सं. : LNDEL00316-170036043	₹2132489.41/- बकाया दिनांक 17 अगस्त 21 तक	02 मई 19 ₹ 1335340.41/- बकाया दिनांक 02 मई 2019 तक	18 मार्च 20	खसरा नं. 128 व 115, फ्लेट नं. एस-112, प्रथम तल, टॉवर ए-1, सांकेतिक घर, गांव नांगला चरणदास, पुरानी कोर्ट के पीछे, परगाना, तह. दादरी, जिला गौत्तम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश क्षेत्रफल 56.78 वर्ग मीटर	₹ 1443200/-	₹ 144320/-	प्रातः11 बजे से दोपहर 1 बजे तक दिनांक 20 सितम्बर 2021	प्लॉट नं. 17, बुक-''बी'', सेक्टर-1, फेज-1, नोयडा, जिला गौत्तम बुद्ध नगर, उ.प्र.

निविदा की शर्तें : 1. निविदा में सहभागिता करने हेतु इच्छुक खरीददार अपनी निविदा शाखा में उपलब्ध निविदा प्रपत्र जो कार्य दिवस के समय शाखा से प्राप्त किये जा सकते हैं, में अ